हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 13 मई 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

4 खरीदी बंद होने के साढ़े चार महीने बाद भी खुले आसमान के नीचे करोड़ों का धान



## खबर संक्षेप

### परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र पुरानी पुस्तकें दान करें



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा विभाग मनेन्द्रगढ़ में पदस्थ व्याख्याता टी विजय गोपाल राव ने सभी उत्तीर्ण छात्रों से आग्रह किया है कि वे अपनी पुरानी पुस्तकें जरूरतमंद छात्रों को दान करें। वर्तमान में पुस्तकें काफी महंगी है। कक्षा दसवीं तक की पुस्तकें शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करा दी जाती है, जिसका बहुत लाभ होता है। 11 वीं से उपर सभी कक्षाओं की पुस्तकें बहुत महंगी है, गरीब पालकों को खरीदने में परेशानी होती है। यदि उत्तीर्ण छात्रों द्वारा पुस्तकें दान करें तो काफी लाभ होगा, जो पालक सक्षम नहीं है, उनका बहुत बड़ा सहयोग हो जाएगा। शिक्षा में शिक्षकों के साथ पुस्तकों का भी बहुत महत्व होता है। भारतीय शास्त्रों में भी पुस्तकों के दान का भी बहुत महत्व बताया गया है, साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के धारणीय विकास और संरक्षण के लिए भी पुस्तक दान का महत्व है। पुस्तकें दान कर हम पर्यावरण के प्रति भी अपनी सहभागिता दे सकते हैं, क्योंकि पुस्तकें तैयार होने में कई वृक्षों, रंगों, पानी सहित बहुत चीजें का उपयोग होता है। पुस्तकें दान कर हम जरूरतमंद की सहायता, पर्यावरण सुरक्षा, पुण्य और आत्मिक सुख प्राप्त कर सकते हैं।

### थाना चौक से बाइक चोरी दो आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बाइक चोरी के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल रोड गुरुद्वारा के समीप रहने वाले अनिल सोनी की थाना चौक के सामने महिला मंडल कॉम्प्लेक्स में स्टेशनरी की दुकान संचालित है। 9 मई की रात व्यवसायी दुकान बंद करने के बाद बाइक क्रमांक सीजी 11 एसी 5702 को दुकान के बाहर खड़ा करके पास के दुकान में किसी काम से गया हुआ था। जब युवक वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। ऐसे में युवक ने घटना की शिकायत 10 मई को पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के साथ ही मामले की जांच कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उदयपुर डांड़गांव निवासी 26 वर्षीय परदेशी चौहान व राजपुर बघिमा निवासी 25 वर्षीय सोहरू उर्फ बरी मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से सउनि अरुण दुबे, स्पेशल टीम प्रभारी सउनि विवेक पाण्डेय, आरक्षक राहुल सिंह, दीपक दास, शिवमंगल सिंह, उपेंद्र सिंह, सत्येंद्र दुबे, अमित विश्वकर्मा, संजीव चौबे, विवेक राय शामिल रहे।

### गाज की चपेट में आकर आठ मवेशियों की मौत

**चलगली।** विक्षोभ की सक्रियता से हुई बारिश के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आठ मवेशियों की मौत हो गई। बता दें कि शुक्रवार की शाम मौसम में बदलाव होने के साथ गरज चमक के साथ जमकर बारिश हुई। इस दौरान ग्राम दैवइपारा मोहल्ला में ग्रामीणों के मवेशी खुले में चर रहे थे इस दौरान बारिश शुरू हो गई। बारिश होते ही मवेशी एक पेड़ के नीचे पहुंच गई इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आठ मवेशियों की मौत हो गई। घटना में गांव के बागर साय आ. लवंग साय की एक गांय, रंगबासो पति रामबिलास गोंड़ की एक बकरी व एक बैल, रामजतन आ. रामनारायण का एक बैल व एक बछड़ा, बुधराम जगते आ. जवाहिर की दो गाय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए।

### अलसुबह से लग जाती है विभाग, नपा क्षेत्र में जलावर्धन की योजना भी अधूरी

# पेयजल संकट: एक हैंडपंप के सहारे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर क्षेत्र के वार्डों में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए करोड़ों रूपए का टेंडर हुआ, इसके तहत अब तक दो वार्ड में कार्य ठेकेदार द्वारा आधा-अधूरा कराया गया है। इस तरह करोड़ों रूपए का जलावर्धन योजना अधर में लटकी हुई है।

जानकारी के अनुसार नपा परिषद द्वारा बैकुंठपुर शहर में आगामी कई वर्षो की आवश्यकता को देखते हुए 32 करोड़ रूपए से जलावर्धन योजना बनाई ,जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद कार्य के लिए टेंडर जारी किया गया, इसके लिए ठेकेदार द्वारा विभिन्न वार्डो में कार्य कराए गए, लेकिन वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 में ठेकेदार द्वारा अब तक पाइप लाइन का विस्तार नहीं किया गया है। इसके संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी का ध्यान कई बार आकर्षित कराया गया, बावजूद इसके कार्य की प्रगति नहीं हुई, सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है कि कार्य प्रगति से चल रहा है।

जानकारी के अनुसार उक्त कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी कार्य पूरा नहीं कराया गया, जिसका परिणाम यह है कि आज भीषण गर्मी में नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डो में पेयजल की समस्या बनी हुई है, जिसे लेकर लोगों की परेशानी प्रतिदिन बनी रहती है। यदि करोड़ों के जलावर्धन योजना को समय-सीमा में पूरा करा लिया गया होता तो गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ता। गर्मी शुरू होने के साथ ही नपा क्षेत्र के कई वार्डो में पेयजल संकट शुरू हो जाती है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा पेयजल संकट ग्रस्त वार्डो में नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में टैंकर से भी पेयजल की आपूर्ति नहीं की जाती, जिसके कारण पेयजल समस्याग्रस्त वार्डो के लोगों को अपने हाल पर ही पेयजल प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन मशक्कत करना पड़ रहा है, जिसे लेकर लोगों में नपा के प्रति आक्रोश भी पनपने लगा है।



हैंडपंप से पानी भरने पहुंचे वार्ड के लोग।





सायकल से पानी ले जाते वार्ड के रहवासी।

### कई वार्डों में पानी की समस्या

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के कई वार्डो के निवासियों को इस गर्मी में पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार एमएलए नगर में कई वर्षो से पेयजल की समस्या से निवासी जूझ रहे हैं, जहां पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई, इसके कारण आज भी एमएलए नगर के रहवासी पेयजल की समस्या को लेकर परेशान हैं। इसी तरह प्रेमाबाग क्षेत्र के लोगों की शिकायत है कि सप्लाई वाले नल में बहुत कम पानी आता है। इसी तरह की समस्या नपा क्षेत्र के कई वार्डो की बनी हुई है। टेंकर से भी पर्याप्त पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रहा है।

### वार्ड 19-20 में एक हैंडपंप सहारे वार्डवासी

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 19 व 20 जूनापारा के निवासी एक हैंडपंप के सहारे पेयजल प्राप्त कर रहे हैं, जिसके लिए सुबह होने के साथ ही प्रतिदिन हैंडपंप में कतार लगनी शुरू हो जाती है। वैसे उक्त वार्डो में कहने को तो 2 हैंडपंप है,लेकिन एक हैंडपंप का पानी खारा है और उसमें लाल गंदा पानी निकलता है, जिसके कारण इस हैंडपंप के पानी का उपयोग पेयजल के लिए नहीं किया जाता। वहीं दूसरा हैंडपंप है,जिसका पानी पीने योग्य है। इस कारण दूसरे हैंडपंप में प्रतिदिन सुबह होने के साथ ही महिला-पुरूषों की कतार लग जाती है। इस हैंडपंप से लगातार पेयजल के दोहन के कारण कई बार पानी सूख जाता है, तब कुछ घंटे इंतजार करना पड़ता है, तब जाकर पेयजल प्राप्त हो पाता है। वार्डवासियों की मांग है कि उक्त वार्डो में जल्द से जल्द पेयजल के लिए नगर पालिका बैकुंठपुर द्वारा पाइप लाइन का विस्तार किया जाना चाहिए, ताकि वार्ड वासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।

### नपा का टैंकर भी नहीं पहुंच रहा

नपा क्षेत्र बैकुंठपुर के पेयजल प्रभावित वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 में पेयजल के लिए जूझ रहे वार्डवासियों को राहत देने में भी नपा प्रशासन नाकाम साबित हो रही है, जबकि गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही पेयजल प्रभावित वार्डो में टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन उक्त वार्ड के लोगों का कहना है कि हमारे वार्ड में नपा द्वारा टैंकर से भी पेयजल की आपूर्ति नहीं कर रहा है जिसके कारण वार्ड के लोगों को सबसे ज्यादा पेयजल के लिए इन दिनों दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## वनांचल में लगातार हो रहा चार से आठ घंटे का ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

विभाग द्वारा विद्युत उपकरण एवं केबल का मेंटेनेंस करने के बावजूद भी हल्की हवा यह बूंदाबांदी होते ही विकासखंड़ मुख्यालय जनकपुर सहित पूरे वनांचल क्षेत्र में बिजली गुल हो जाती है, जिसके बाद 4 से 8 घंटे तक क्षेत्र में ब्लैक आऊट की स्थिति बनी रहती है। करीब सप्ताहभर से क्षेत्र में हवा आंधी का दौर चल रहा है, ऐसी स्थिति में क्षेत्र के बिजली व व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है।

इन दिनों जनकपुर सहित वनांचल क्षेत्र में रोजाना कई बार बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। अभी पूरी तरह मानसून भी नहीं आया है और क्षेत्र में बिजली व्यवस्था का हाल बेहाल हो गया है, ऐसे में मानसून के पूर्व किए जाने वाला बिजली उपकरण एवं केबल के मेंटेनेंस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आगामी समय में मानसून के आते ही क्षेत्र में यह समस्या और अधिक गहरा सकती है। जानकारी के अनुसार मानसून के पूर्व कंपनी द्वारा बिजली सप्लाई की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए प्री मानसून मेंटेनेंस कराया जाता है, लेकिन बारिश प्रारंभ होने के पूर्व ही हल्की बूंदाबांदी व हवा के आ जाने मात्र से बार-बार लाइट का गुल होना विभागीय मेंटेनेंस की कमी को दर्शाता है। करीब सप्ताहभर से एमसीबी जिले का विकासखंड़ मुख्यालय जनकपुर सहित ग्रामीण अंचल में देखने को मिल रहा है कि अचानक आकाश में बादल दिखने लगते हैं और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही क्षेत्र की बिजली भी गुल हो जाती है, जो कि लगभग 4 से 8 घंटे तक बिजली बाधित हो जाती है, इससे इस भीषण गर्मी में वनांचल वासी परेशान होते रहते हैं।

वहीं बिजली बंद होने के चलते घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है और बिजली से चलने वाले अन्य उपकरण के बंद होने से बिजनेस भी प्रभावित हो रही है। मुख्यालय जनकपुर नगर में बिजली व्यवस्था के बदहाल रहने से जहां लोगों का व्यापार ठप्प पड़ गया है, वहीं शासकीय दफ्तरों में कामकाज प्रभावित हो रही है।



■ ग्रामवासी परेशान, विभाग के विरुद्ध पनप रहा आक्रोश

## ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिरमिरी

अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव ब्राम्हण समाज चिरमिरी द्वारा मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में विप्र कुल ईष्ट भगवान श्री परशुराम का पूजन मुख्य अतिथि एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं समाज के वरिष्ठजनों द्वारा किया गया।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में समाज के उन विप्रजनों का सम्मान किया गया, जो अपनी दीर्घकालिक सेवा से इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए हैं, साथ ही समाज की प्रतिभावान छात्रा कुमारी हर्षिता अग्निहोत्री को एमए हिन्दी साहित्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं प.सुशील मिश्रा को भगवान परशुराम वेशधारण करने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने भगवान श्री परशुराम के महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि वे चारों युगों में साक्षात विराजमान रहकर जगत का कल्याण करते रहे हैं और भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार के रूप में सतयुग में अवतरित हुए और आज हम सबके ⏭ शेष पेज 4 पर





कार्यक्रम को संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

### स्वामी आत्मानंद में प्रवेश के लिए लॉटरी 15 को

**रामानुजनगर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 हेतु स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजन में कक्षा पहली के 50 सीट एवं कक्षा दूसरी से कक्षा 12वीं तक की रिक्त सीटों में ऑनलाइन प्रवेश आवेदन हेतु सेजस पोर्टल10 अप्रैल से 10 मई तक खुला हुआ था। पोर्टल में प्राप्त आवेदन के आधार पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजनगर के सूचना पटल पर 11 मई को पात्र अपात्र की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। अभिभावक को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 13 मई निर्धारित की गई है इसके बाद कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

## कोयले का अवैध परिवहन करते वाहन जब्त

■ खनिज विभाग ने की कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज अधिकारी एवं खनिज अमला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खननकर्ता परिवहनकर्ता-भंडारकर्ताओं के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में खनिज अमला द्वारा बैकुंठपुर तहसील एवं पटना क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसमें अवैध परिवहनकर्ताओं पर कार्रवाई करते हुए खनिज गिट्टी के दो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईसी 7308 एवं सीजी 16 सीएम 1428 को समीपस्थ थाना (बैकुंठपुर, पटना) में अभिरक्षार्थ रखा गया। इसी तारतम्य में तहसील बैकुंठपुर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण 11 मई 2024 को किया गया। इसमें अवैध परिवहनकर्ताओं पर कार्रवाई करते हुए खनिज कोयला के एक वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 1904 को समीपस्थ थाना चरचा में अभिरक्षार्थ रखा गया। इस तरह अवैध परिवहन के कुल तीन प्रकरण दर्ज कर उक्त वाहनों को समीपस्थ थाना में रखा गया। खनिज अधिकारी कोरिया ने बताया कि विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खननकर्ता-परिवहनकर्ता एवं भंडारकर्ताओं के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है तथा आगे भी विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खननकर्ता-परिवहनकर्ता-भंडारकर्ताओं के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।





## नर्सिंग कॉलेज में मना अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

न्यू लाईफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्टीय नर्सेस दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल, श्रीमती वंदना जायसवाल, संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल एवं समस्त शिक्षकों द्वारा फ्लोरेंस नाईटिंगल के छायाचित्र के समक्ष कैंडल जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

अतिथियों के सम्मान उपरांत सामूहिक स्वागत नृत्य छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। नर्सिंग छात्र तरूण कुमार के द्वारा फ्लोरेंस नाईटिंगल के जीवनी एवं नर्सिंग में उनके द्वारा किए गए कार्यों को बताया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल ने नर्सिंग के लिए अपने विचार को व्यक्त किया एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की नवीनतम चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के प्रयास में नर्स एक अहम भूमिका निभा रही है, साथ ही नर्सिंग छात्राओं के शिक्षा प्राणाली के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ.अंजना सैम्यूल के द्वारा छात्र-छात्राओं को नर्सिंग दिवस के थीम हमारी नर्से हमारे भविष्य देखभाल की आर्थिक शक्ति है एवं नर्सिंग के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के मार्गदर्शन के लिए उत्साहित एवं उद्बोधन किया तथा नर्स की भूमिका घर, परिवार एवं कार्यस्थल पर महत्व डाला। तत्पश्चात बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा केक काटा गया। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।





### शराब के नशे में युवक ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी के ग्राम अखोरा कला घुटरी पारा निवासी 26 वर्षीय युवक जिधन आत्मज रामप्रशाद गोंड ने शराब के नशे में शुक्रवार शाम घर के समीप अमरूद के सूखे पेड़ में तौलिया के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।सूचना पर करंजी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने परिजनों के हवाले से बताया कि मृतक शराब सेवन करने का आदि था ,घटना दिवस शुक्रवार को भी उसने शराब पी रखी थी, कुछ समय बाद उसने घर के समीप अमरूद के सूखे पेड़ में तौलिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## कविता स्पर्धा में नीलिमा प्रथम

**मनेन्द्रगढ़।** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन के लिए गठित हिंदी साहित्य भारती के द्वारा मदर्स डे प्रायोजित ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता में देश के विभिन्न शहरों से मां एवं मातृत्व पर केन्द्रित उत्कृष्ट कविताएं प्राप्त हुई।





निर्णायकों के अभिमत के अनुसार श्रीमती नीलिमा खरे की कविता को प्रथम स्थान दिया गया, इसके अतिरिक्त अंबिकापुर की कवयित्री वंदना पांडे की मां का ममत्व कविता प्रशंसनीय रही। मातृत्व दिवस पर ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता के आयोजक हिंदी साहित्य भारती के जिला समन्वयक वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय थे। उन्होंने बताया कि मातृत्व दिवस के अवसर पर आयोजित कविता के लिए मां भगवान, संसार, सपना, प्रेरणा, अश्रु,जीवन, खुशियां, फूल शब्द दिए गए थे, जिसके आधार पर कविता लिखना था। निर्धारित मापदंडों के अनुसार देश के ⏭ शेष पेज 4 पर

### रोजाना बदल रहा मौसम, जनजीवन प्रभावित

# तेज आंधी-बारिश का कहर, कई जगहों पर उड़े शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मई के दूसरे सप्ताह के शुरूआत से लगातार मौसम का मिजाज बदलता रहा है, जिसके कारण प्रतिदिन बारिश व बूंदाबांदी के साथ ही आंधी भी चली,इससे कई जगहों पर शेड उड़ जाने की खबर है।

बीते 8 मई से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इस दिन की रात्रि में बारिश की बौछार अचानक शुरू हो गई और इसके साथ ही तेज आधी भी चलनी शुरू हो गई। इसके बाद से लगातार 12 मई तक इसी तरह का बदलाव देखने का मिला। इस दौरान प्रतिदिन सायं ढलने के बाद बारिश व बूंदाबांदी तो कभी दिन के समय बूंदाबांदी हुई। इसी तरह रविवार को भी दोपहर 12:30 बजे के लगभग हल्की बूंदाबांदी हुई, इसके बाद आसमान में बादल छाने लगे। इसी बीच अपरान्ह 3 बजे शहर में अचानक बौछार पड़ने लगी, इस दौरान हवाएं भी चलती रही। जानकारी के अनुसार इस दिन जिला मुख्यालय सहित जिले के कई हिस्सों में बौछार अपरान्ह के समय पड़ी,वहीं कई क्षेत्रों में तेज हवाएं कुछ देर तक चलती रही। मई के महीने में जहां तेज गर्मी पड़ती है, लेकिन इस वर्ष मई के पहले पखवाड़े में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है और इस दौरान कहीं बूंदाबांदी तो कही पर बारिश की बौछार पड़ती रही। इसके कारण मई के दूसरे सप्ताह में तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रहा, जबकि मई के शुरूआती सप्ताह में लगातार कई दिनों तक आसमान साफ रहने के कारण तापमान 40 पार होकर 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, तब ऐसा लग रहा था कि आने वाले समय में भीषण गर्मी पड़ेगी, लेकिन दूसरे सप्ताह में मौसम ने करवट कई दिनों तक ली, जिसके कारण बढ़ते तापमान की गति को रोक दी, जिससे कि लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 38 रहा, इसी तरह 15 मई तक अधिकतम तापमान में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं होगी, इसके बाद ही मौसम खुलने पर सूर्य की तपिश बढ़ना शुरू हो जाएगा और फिर गर्मी तेज होगी। ⏭ शेष पेज 4 पर



### तेज हवा तूफान के साथ जोरदार बारिश

**सोनहत।** खंड स्तर पर 12 मई की दोपहर 2 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और लगभग 1 घंटे तक आंधी तूफान एवं गरज के साथ बारिश होने से पूरा मौसम अस्त-व्यस्त हो गया। हालत रही कि अचानक तेज धूप के बाद बदले मौसम से तेज आंधी एवं गरज के साथ बारिश होने से हस्तप्रभ रह गए। अपने दैनिक कार्य में व्यस्त आमजन इधर-उधर किसी दुकान आदि में दुबके छुपते नजर आए। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं रही, पर आंधी-तूफान बारिश ने दुकान प्रतिष्ठान संचालकों को परेशान कर दिया।

### कार्मिक संपदा मॉड्यूल में अद्यतन करने के निर्देश

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि कार्मिक सम्पदा मॉड्यूल में अधिकारों का प्रत्यायोजन सहित विभिन्न विवरणों में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होंने समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को पत्र के माध्यम से जानकारी दी है कि शासकीय सेवक के मूल वेतन में बदलाव वर्तमान में ई पेरोल से किया जाता है, इसे परिवर्तित कर कार्मिक सम्पदा में मूलवेतन इन्द्राज की व्यवस्था दिया है तथा इसे ई पेरोल से लिंक किया गया है। यह व्यवस्था माह मई के वेतन से लागू की जावेगी। उन्होंने संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्र में दिए गए निर्देशानुसार सभी डीडीओ अंतर्गत अधिकारी/ कर्मचारी का वर्तमान मूल वेतन एक माह के भीतर कार्मिक सम्पदा मॉडयूल में अद्यतन कराना सुनिश्चित करने कहा है।

12- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/12/2024 7:55 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फैंस के लिए खुशखबरी, काम करेंगे पीटर

'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के प्रशंसकों के लिए कुछ अच्छी खबर है। वार्नर ब्रदर्स लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फिल्मों के एक नए बैच पर काम कर रहे हैं। पहली फिल्म, जिसका



अस्थायी नाम 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है। वे इस फिल्म को साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। गॉलम के प्रशंसक उनके इर्द-गिर्द घूमती फिल्म मिलने की खबर से रोमांचित हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, अब स्क्रिप्ट निर्माण के शुरुआती चरण में है। एंडी सर्किस निर्देशक पीटर जैक्सन के साथ इस फीचर में अभिनय और निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सीईओ डेविड जैस्लाव ने गुरुवार को कहा कि मूल 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के फिल्म निर्माता पीटर जैक्सन और उनके साथी फ्रैन वॉल्श और फिलिपा बॉयन्स फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और वे हर कदम पर उनके साथ शामिल होंगे। फ्रैन और फिलिपा पटकथा लिखेंगे, वहीं पीटर परियोजना का निर्माण करेंगे। अभी इस फ्रेंचाइजी में दो फिल्में बनने की उम्मीद है।

गुरुवार की सुबह वार्नर ब्रदर्स की एक प्रेस विज्ञप्ति में स्टूडियो ने खुलासा किया कि फिल्म का कार्यकारी शीर्षक 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है और इसका निर्देशन सर्किस द्वारा किया जाएगा और इसमें उनकी मुख्य भूमिका होगी। फिल्म का कार्यकारी निर्माण केन कमिंस द्वारा किया जाएगा, जिसमें सर्किस और द इमेजिनेरियम के जोनाथन कैवेंडिश शामिल होंगे। वहीं बात करें मूल फिल्म की तो 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जेआरआर टॉल्किन की पुस्तक सीरीज पर आधारित एक फिल्म फ्रेंचाइजी है। पीटर के मूल देश न्यूजीलैंड में एक साथ तीन फिल्मों की शूटिंग हुई। 'द फेलोशिप ऑफ द रिंग' 2001 में रिलीज हुई, 'द टू टावर्सट 2002 में और ट' रिटर्न ऑफ द किंग' 2003 में रिलीज हुई। ये फिल्में 1999-2000 के बीच शूट की गई थीं। कई ऑस्कर जीतने वाली ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं और सामूहिक रूप से 2.988 बिलियन डॉलर की कमाई की। अब दर्शकों को 2026 में एक बार फिल्म सिनेमाघरों में नई फिल्म का लुत्फ उठाने के मौका मिलेगा।

### टॉलीवुड

# पृथ्वीराज की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' आ रही 16 मई को

सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' 16 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। शुक्रवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे फैंस काफी




ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसका निर्देशन विपिन दास ने किया हैं, जो इससे पहले फिल्म 'जया जया जया जया हे' को डायरेक्ट कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण ई4 एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' की कहानी दीपू प्रदीप ने लिखी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा बेसिल जोसेफ, निखिला विमल, अनस्वरा राजन और जगदीश भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शादी पर केंद्रित है। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है। पृथ्वीराज को उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म भी अच्छा प्रदर्शन करेगी और लोग इसे पसंद करेंगे।

कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था, पृथ्वीराज सुकुमारन और ममूटी जल्द ही एक फिल्म में नजर आएंगे। यह एक थ्रिलर फिल्म हो सकती है। इस खबर से दोनों के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए थे। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि इस फिल्म को कोई नया निर्देशक बनाएगा।

### भोजपुरी

# आ रही है स्मृति सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'चटोरी बहू'

स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में भोजपुरी फिल्म में धमाल मचाने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग जौनपुर



के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म में जय यादव भी हैं । एक्ट्रेस ने कहा- फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है। भोजपुरी सिने वर्ल्ड की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में बड़े पर्दे पर नज़र आने वाली हैं। आधी आबादी और सामाजिक परिदृश्य की कहानी पर बनने वाली फिल्म में उनके साथ सुपर स्टार जय यादव भी प्रमुख भूमिका में हैं और इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से चल रही है। फिल्म की शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म के संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी हैं और निर्देशक इश्तियाक़ शेख़ (बंटी) हैं। फिल्म में किरण यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में होंगी।फिल्म को लेकर जय यादव ने कहा कि 'चटोरी बहू' शानदार स्क्रिप्ट पर बनने वाली फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और हम सभी इसको बेहद इंजॉय कर रहे हैं। मुझे इस फिल्म की कहानी ने पहली दफे में आकर्षित कर लिया था, जिसके बाद मैंने इसको करने का फैसला लिया था और आज यह फ्लोर पर है। इसकी बेहद ख़ुशी है। बस मैं अपने फैंस और दर्शकों से यही उम्मीद करूंगा कि वे हमारी फिल्म को रिलीज होने के बाद खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि घर -परिवार में अक्सर चटोरी बहू के किस्से सुनने को मिलते हैं। इस फिल्म का रेफरेंस कुछ इसी तरह से लिया गया है, लेकिन फिल्म की कहानी नायाब है।उन्होंने कहा, 'जय यादव एक अच्छे कलाकार हैं, उनके साथ हमारी जोड़ी दर्शकों को खूब भाएगी। मैं उम्मीद करती हूं कि फिल्म जब रिलीज होगी तब सबको को पसंद आएगी। मुझे तो फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है।

## महासागरों के जीवों की चिंता

पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन ने स्प्रिंग/समर शो के दौरान महासागरों के नीचे पानी की दुनिया पर ग्लोबल वार्मिंग के पड़ते असर पर दुनिया का ध्यान खींचा है। मैकक्वीन की मॉडल्स ₹सिंथेटिक ओशन₹ नाम के इस संग्रह में ₹कारपेस₹ नियोप्रीन पोशाकें पहनी हुई थी, जो पानी के नीचे के जीवों को बचाने का संदेश दे रही थीं।






लाइफ स्टाइल

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं। वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

# सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज को करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत



फैशन

स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।राउंड बैक ब्लाउज डिजाइन ब्लाउज सिलवाते वक्त जितना जरूरी आगे का डिजाइन होता है उतना ही जरूरी होता है पीछे के डिजाइन को क्रिएट कराना।

# छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के ये खूबसूरत डिजाइंस, अपनाएं

स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। वहीं आउटफिट को चुनने के बाद बारी आती है स्टाइलिंग करने की। बता दें कि स्टाइलिंग करने के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद अहम होता है और इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ-साथ फेस शेप का भी मालूम होना जरूरी होता है। चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको



प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

# दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी, होगी तारीफ

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।



### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं। और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं। अगर आपको हाथों में अलग-अलग तरह की एक्सेसरीज पहनना पसंद है तो इसके लिए आप पर्ल ब्रेसलेट (ब्रेसलेट डिजाइन) के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

## घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है

# फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं, घर सजाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है। आप घर की सजावट जैसे कामों के लिए पुराने कपड़े इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल कोई भी कपड़ा खरीदना हो उसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। यही कारण है कि फटे और पुराने कपड़ों को फेंकते वक्त लोगों को बहुत दुख होता है। पुराने कपड़ों का फेंकना गलत भी है, क्योंकि आप उन्हें घर के अलग-अलग कामों के लिए यूज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे आप पुराने कपड़ों से घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं।



### पुराने कपड़ों से बनाएं शोपीस

घर पर मौजूद पुराने कपड़ों से आप शोपीस तैयार कर सकते हैं। शोपीस बनाने के लिए आपको चाहिए एक खाली बोतल। बोतल को ऊपर से काट दें, ताकी उसका मुंह बड़ा हो जाए। अब बोतल को किसी कपड़े से कवर करें और अलग-अलग रंग के कपड़ों को काटकर फूल जैसे डिजाइन बनाकर बोतल पर लगाएं। आप बोतल पर घर में मौजूद एक्स्ट्रा बटन और स्टोन भी लगा सकते हैं। इस डेकोरेटेड बोतल को आप फ्लावर पॉट या पेन स्टैंड की तरह यूज कर सकते हैं।

### खराब कपड़ों से बनाएं कुशन कवर

खराब कपड़ों से आप कुशन कवर भी बना सकते हैं। जैसे शर्ट और लांग सकर्ट को बराबर काट कर और चारों तरफ से सिलकर आप कुशन का कवर तैयार कर सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास कुशन कवर है, तो आप शर्ट के बटन आदी लगाकर कुशन के कवर को सजा सकते हैं।

### पुराने कपड़ों से बनाएं वॉशिंग मशीन का कवर

घर में रखी वॉशिंग मशीन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप पुराने कपड़ों से वॉशिंग मशीन कवर बना सकते हैं। वाशिंग मशीन का कवर चूहों की समस्या से भी वॉशिंग मशीन को सुरक्षित रखता है।



### पुराने कपड़ों से दरवाजों को सजाएं

इन सभी टिप्स के अलावा आप घर के दरवाजों के हैंडल को खास लुक देने के लिए भी पुराने कपड़ों को यूज कर सकते हैं। हैंडल का कवर बनाने से दरवाजा साफ भी रहेगा और थोड़ा अलग भी दिखेगा।



# 'द एंटरटेनर्स टूर' की हो चुकी है तैयारी, अक्षय करेंगे मेजबानी

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार 'द एंटरटेनर्स टूर' की मेजबानी करेंगे, जो इस साल ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगा और इसमें शोबिज की दुनिया की कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी। पिछला सीजन 2023 में उत्तरी अमेरिका में हुआ था। इस साल यह अगस्त 2024 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। वर्ल्ड टूर का दूसरा सीजन मेलबर्न और सिडनी में होगा। अक्षय के साथ नोरा फतेही, दिशा पटानी, सुनील ग्रोवर, एलनाज नोरौजी, सोनम बाजवा और स्टेबिन बेन जैसी हस्तियां शामिल होंगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो अक्षय की हाल ही में टाइगर श्रॉफ के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। वह जल्द ही 'सरफिरा', 'जॉली एलएलबी 3', 'हाउसफुल 5' और 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे।

लाइफ Style



# करीना कानूनी पचड़े में फंसी

एजेंसी ⏭ मुंबई

जानकारी के मुताबिक, बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की मुश्किलें बढ़ सकती है। हाईकोर्ट ने करीना को नोटिस जारी किया है। उनकी किताब के टाइटल को लेकर आरोप लगाए गए हैं कि एक्ट्रेस ने किताब के नाम में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल कर ईसाई समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है।

एक्ट्रेस ने जुलाई 2021 में अपनी किताब 'करीना कपूर खान्स प्रेग्नेंसी बाइबल' को लॉन्च किया था। अब इस किताब के नाम को लेकर वो कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। एक वकील ने किताब के टाइटल में 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल करने पर आपत्ति जताई और एक्ट्रेस के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। ऐसे में करीना को कोर्ट से नोटिस भेजा गया है। जबलपुर सिविल लाइन निवासी क्रिस्टोफर एंथोनी ने हाईकोर्ट में करीना कपूर खान के खिलाफ मामला दायर कर उनपर आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

क्रिस्टोफर एंथोनी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि करीना कपूर खान ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की मंशा से किताब को लिखा है। किताब के कवर पर 'बाइबल' शब्द का इस्तेमाल आपत्तिजनक है। एंथोनी की याचिका के बाद जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया की सिंगल-जज बेंच ने करीना कपूर खान को नोटिस भेज दिया है। याचिका में किताब एंथोनी ने इस किताब पर बैन लगाने की मांग भी की है। ऐसे में कोर्ट ने किताब बेचने वाले सेलर्स को भी नोटिस भेजा गया है। बताया जा रहा है कि 1 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई होना संभावित है।

## हॉलीवुड मसाला



# मोहम्मद रसूलोफ को लगा तगड़ा झटका

**लॉस एंजिलिस।** असंतुष्ट ईरानी निर्देशक मोहम्मद रसूलोफ को ईरानी अदालत ने आठ साल की जेल की सजा के साथ-साथ जुर्माना, उनकी संपत्ति जब्त करने और कोड़े मारने की सजा सुनाई है। रसूलोफ के वकील बाबाक पकनिया ने एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। पकनिया ने कहा कि फैसला इस्लामिक रिवोल्यूशन कोर्ट की 29वीं शाखा द्वारा जारी किया गया था और आइना कोर्ट ऑफ अपील्स की 36वीं शाखा में इसकी पुष्टि की गई थी। कनिया के अनुसार, अदालत ने पाया कि रसूलोफ के सार्वजनिक बयान, साथ ही उनकी फिल्में और वृत्तचित्र देश की सुरक्षा के खिलाफ अपराध करने के इरादे से मिलीभगत के उदाहरण थे।




# एकेडमी म्यूजियम मनाएगा भारतीय सिनेमा के संगीत का जश्न

**लांस एंजिलिस।** एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए तीन भारतीय फिल्मों 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) को चुना गया है। कला, विज्ञान और फिल्म निर्माण के कलाकारों को समर्पित एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स भारतीय सिनेमा और उसके संगीत की जीवंत दुनिया का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एकेडमी म्यूजियम ने अपने नवीनतम इंस्टाग्राम पोस्ट में, 'आरआरआर' (2022), 'स्लमडॉग मिलेनियर' (2008), और 'लगान' (2001) की संगीत महारत का जश्न मनाने वाले एक कार्यक्रम की घोषणा की। इस एलान ने संगीत प्रेमियों के उत्साह को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।



# 7 घंटे तक एक ही जगह बैठी रहीं एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** मनीषा कोराइला ने अपने करियर की शुरुआत साल 1991 में आई फिल्म 'सौदागर' से की थी। करियर की पहली ही फिल्म में उन्होंने अपने टैलेंट और अपनी खूबसूरती से लोगों का दिल जीत लिया था। इन दिनों वह भंसाली की सीरीज हीरामंडी में मल्लिका जान की भूमिका में नजर आ रही हैं। इस रोल के लिए एक्ट्रेस ने जी तोड़ मेहनत की है।उन्होंने बताया कि सीरीज के एक सीन के लिए जिसमें उन्होंने हाथों में मेहंदी लगाई हुई है। इस एक सीन के लिए वह सात घंटे तक एक ही जगह बिना हिले बैठी रही थी। क्योंकि वह इस सीन परफेक्ट करना चाहती थीं और उस किरदार के बारे में जानना चाहती थीं और उसे समझना चाहती थी। मनीषा ने कहा कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान तो मैं समझ ही नहीं पा रही थीं कि क्या मैं इतने घंटे तक काम कर पाऊंगी।



# मन से ऐसे निकला गरीबी का डर

**नई दिल्ली।** अनुपम खेर ने बताया कि वह गरीब परिवार से थे। छोटे से कमरे में 14 लोग रहते थे। उस वक्त उनके दादाजी ने गरीबी के बारे में कुछ ऐसा बताया कि अनुपम के मन से सारे डर दूर हो गए। अनुपम खेर को इस इंडस्ट्री में 40 साल हो गए हैं। फिल्मों में अपनी जगह बनाने के लिए उन्होंने काफी संघर्ष किया। वह एक साधारण और सीमित आय वाले परिवार से थे। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि जब वह गरीबी के दिन गुजार रहे थे तो उनके दादाजी ने क्या सीख दी थी। अनुपम खेर उसे आज भी नहीं भूले हैं। अनुपम खेर ने एक बातचीत में जिंदगी के कई उतार-चढ़ावों पर बात की। उन्होंने बताया कि अपने मन से गरीबी का डर कैसे दूर निकाला। अनुपम खेर बोले, मेरे दादाजी पंडित अमरनाथजी ने मेरे जहन से गरीबी का डर निकाल दिया था। छोटे से कमरे में हम 14 लोग रहते थे।

## टीवी मसाला



# टीवी एक्ट्रेस का प्राइवेट वीडियो लीक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के दौर में आए दिन सेलेब्स की प्राइवेट पिक्चर्स और फोटोज लीक होती रहती हैं, जो कि एक गंभीर मुद्दा है। वहीं, अब कन्नड़ इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस ज्योति रॉय को लेकर भी ऐसी खबर सामने आ रही है। इंटरनेट पर साउथ एक्ट्रेस का इंटीमेट वीडियो वायरल हो गया है, जिससे उनके फैन्स काफी गुस्से में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूजर्स द्वारा एक्ट्रेस के कई वीडियोज और प्राइवेट फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल की गईं। इसके बाद अनजान शख्स ने एक्ट्रेस से ये भी कहा कि वो उनका वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर देगा। एक पॉपुलर और सम्मानित एक्ट्रेस के साथ ऐसा होता देख कर उनके फैन्स काफी अपसेट नजर आ रहे हैं। फैन्स ने उन लोगों के खिलाफ एक्शन की मांग की है, जिन्होंने एक्ट्रेस की प्राइवेसी भंग करने की कोशिश की है। कुछ लोगों सोशल मीडिया पर बेंगलुरू पुलिस को टैग करते हुए जल्द से जल्द केस की जांच की मांग कर रहे हैं। ज्योति रॉय कन्नड़ इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम हैं। एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत फिल्मों से की थी, लेकिन फिर कुछ समय बाद उन्होंने टीवी इंडस्ट्री की ओर कदम बढ़ाया। अब तक के एक्टिंग करियर में वो 20 से ज्यादा शोज में काम कर चुकी हैं। उन्हें अपने फेमस कैरेक्टर बंदे बारतवा काला के लिये जाना जाता है। इसके अलावा उन्होंने सीतारामा कल्याणा, गंधादा गुड़ी, 99 और दीया वर्णपतला जैसी फिल्मों में भी काम किया है।

# छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार हैं राज अनादकट

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में टप्पू के किरदार से घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता राज अनादकट बीते दो साल से छोटे पर्दे से दूर चल रहे थे। हालांकि, अब उन्होंने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है



कि वे जल्द ही टीवी की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने एक यूट्यूब व्लॉग में खुलासा किया कि वे जल्द ही एक नए शो में नजर आन वाले हैं। इसमें उनके साथ सना अमीन शेख भी दिखेंगी। हाल ही में एक बातचीत में उन्होंने आगामी गुजराती शो के लिए पर बात करते हुए बताया कि इस शो में वे मुख्य किरदार निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस शो के लिए उत्साहित होने के साथ ही थोड़ा घबराए हुए भी हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि वे आगामी शो के सेट पर भी गए थे और जल्द ही अपने व्लॉग पर इसकी एक झलक साझा करेंगे। उन्होंने लोगों से वैसा ही समर्थन देने की अपील की जैसा उन्हें टप्पू के रोल में मिला था।

क्रांति फिल्म ने तोड़ दिया था शोले का रिकॉर्ड

# फिल्म बनाने के लिए बेच दिया था घर और जमीन

**नई दिल्ली।** कई सालों से जब भी किसी देशभक्ति फिल्म का नाम लिया जाता है तो सबसे पहले जिस एक्टर का नाम आता है वो हैं मनोज कुमार। मनोज कुमार ने शहीद, पूरब और पश्चिम जैसी कई शानदार फिल्में दी हैं। आज भी स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम किसी ना किसी चैनल पर आती हुई आपको दिख जाएगी। लोग उसे आज भी बहुत ही खुशी से देखते हैं। मनोज ने भारत में अपनी इमेज भारत कुमार के नाम से बना ली थी। लेकिन मनोज कुमार की सबसे करीबी प्रोजेक्ट 1981 में आया, जब उन्होंने क्रांति एक पीरियड एक्शन ड्रामा बनाना शुरू की। ये फिल्म तो हिट रही थी, लेकिन इसे बनाने के लिए उनका घर और जमीन सब बिक गई थी।



क्रांति को मनोज कुमार ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा था। ये फिल्म करीब 3 करोड़ में बनकर तैयार हुई थी। उस समय के हिसाब से 3 करोड़ की रकम बहुत ज्यादा है। जब इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई तो फाइनेंसर और प्रोड्यूसर्स पीछे हट गए थे, जिसके बाद मनोज कुमार के पास कोई ऑप्शन नहीं बचा था। उन्हें खुद फिल्म को प्रोड्यूस करना पड़ा था।

मनोज कुमार फिल्म के लिए पैसा अरेंज करने में बहुत परेशान हो गए थे। उन्होंने फिल्म के लिए अपना दिल्ली वाला बंगला बेच दिया था। जब उस पैसे से भी काम नहीं बना तो मुंबई में अपने प्लॉट को भी बेच दिया था। रिपोर्ट्स की माने तो मनोज कुमार ने रिटायरमेंट के बाद मूवी थिएटर बनाने का प्लान किया था, लेकिन क्रांति के लिए उन्होंने अपना सपना छोड़ दिया था। इस फिल्म में खुद मनोज कुमार, दिलीप कुमार, शशि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा, हेमा मालिनी और परवीन बाबी अहम किरदार निभाते नजर आए थे. ये फिल्म फरवरी 1981 में रिलीज हुई थी। क्रांति फिल्म रिलीज होने से पहले सेंसेशन बनी हुई थी। इस फिल्म से दिलीप कुमार पांच साल बाद वापसी कर रहे थे। इस फिल्म की शानदार ओपनिंग हुई थी और सक्सेसफुल हुई थी। क्रांति ने इंडिया में 10 करोड़ और वर्ल्डवाइड 16 करोड़ का कलेक्शन किया था। क्रांति ने शोले का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया था।



# क्रिकेटर की पत्नी बनीं और छोड़ी इंडस्ट्री, चौपट हुआ एक्टिंग करियर

**मुंबई।** पर्दे पर 'प्रीति सभरवाल' बन लोगों के दिलों पर छा जाने वालीं एक्ट्रेस सागरिका घाटगे अब क्रिकेटर जहीर खान के दिल पर राज कर रही हैं। क्रिकेटर की पत्नी बनने के बाद उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। कहा गया गैरधर्म में शादी की वजह से उनका करियर चौपट हो गया है। एक्ट्रेस ने इस मामले पर अब सालों बाद चुप्पी तोड़ी है बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री का नाता नया नहीं है। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने क्रिकेटर्स में अपने प्यार की तलाश की और उन्हें अपना हमसफर भी चुना। गीता बसरा, अनुष्का शर्मा, अथिया शेट्टी, हेजल कीच सहित कई एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने किसी एक्टर से नहीं, बल्कि क्रिकेटर से शादी रचाई है। लेकिन 38 साल की सागरिका घाटगे ने अपनी पहली फिल्म को करने के बाद ही इंडस्ट्री से विदा ले लिया था। साल 2017 में सागरिका घाटगे ने क्रिकेटर जहीर खान से शादी की थी और शादी के बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली। 2020 के बाद वह किसी प्रोजेक्ट्स में नजर नहीं आई हैं। तब दावा ये किया गया कि उन्होंने पति की वजह से ये दूरी बनाई है। शादी के 7 साल बाद उन्होंने इन मामले बात की। उन्होंने कहा, मुझे मेरे पति ने काम के लिए कभी नहीं रोका। ये पूरी तरह से गलत बात है। वह बहुत सपोर्टिव हैं। मैं जो भी करती हूं उसमें वो मेरा हमेशा बेस्ट चाहते हैं। सच तो ये है कि वो मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर हैं। उन्होंने कहा कि शादी के वजह से नहीं, बल्कि सच्चाई ये है कि उन्होंने काम के लिए मुझे हमेशा मोटिवेट किया है।

## अब संभाल रही हैं बिजनेस

*जहीर खान की खूबियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसे इंसान हैं, जो निगेटिव विचारों को बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि वह फिल्मों को भले छोड़ चुकी हों, लेकिन काम करना उन्होंने नहीं छोड़ा है। उन्होंने बताया कि वह अब अपना बिजनेस संभाल रही हैं।*

# बॉलीवुड में साउथ की इन ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बन सकते हैं रीमेक

*मुंबई। पिछले कुछ समय में बॉलीवुड में कई साउथ इंडियन फिल्मों के रीमेक ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया है। दमदार कंटेट, नया फिल्म निर्माण और यादगार किरदारों से शुरू होकर, दक्षिण सिनेमा एक खजाना रहा है। पिछले कुछ सालों में साउथ की कई फिल्मों ने पूरे भारत और उसके बाहर के दर्शकों का ध्यान खींचा है, और फिल्म इंडस्ट्री पर अमिट छाप छोड़ी है। वैसे भी बॉलीवुड की ख्वाहिश हमेशा ही साउथ सिनेमा की फिल्मों को हिंदी बनाने में होती है। बहरहाल, यहां हम उन्हीं फिल्मों के बारे में बात कर रहे हैं जिनके बॉलीवुड में रीमेक बन सकते हैं। यहां उन साउथ इंडियन फिल्मों की क्यूरेटेड लिस्ट है।*

## अक्षय कुमार- अजय देवगन जैसे स्टार दिखा सकते हैं कमाल

### जेलर



तमिल ड्रामा में रजनीकांत एक कठोर लेकिन दयालु जेलर की मुख्य भूमिका में हैं, जो एक गिरोह को रोकने के लिए निकलते हैं जब वे अपने नेता से भागने की कोशिश करते हैं। अगर इस ब्लॉकबस्टर ड्रामा को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाए तो यह सस्पेंस और थ्रिलर के तत्वों के साथ एक सीरियस क्राइम ड्रामा हो सकता है। हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि संजय दत्त को रजनीकांत की जगह पर कदम रखते हुए देखा जाएगा जबकि सिद्धांत चतुर्वेदी उनके बेटे की भूमिका निभा सकते हैं। फिल्म की कहानी एक सख्त और सिद्धांतवादी जेलर के जीवन के इर्द-गिर्द घूम सकती है जो खुद को जेल सिस्टम के भीतर भ्रष्टाचार, सत्ता संघर्ष और नैतिक दुविधाओं के जटिल जाल में उलझा हुआ पाता है।

### लियो



लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'लियो' को लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स कहा जाता है, जिसमें थलपति विजय, तृषा कृष्णन और अर्जुन सरजा मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब अगर फिल्म को बॉलीवुड में जगह मिल गई तो क्या होगा? कहानी में अपनी गहराई और आयाम जोड़ते हुए, विजय के रूप में मुख्य भूमिका के लिए अक्षय कुमार, तृषा के रूप में करीना कपूर और अर्जुन सरजा के रूप में जावेद जाफरी सही ऑप्शन हो सकते हैं।

### पुष्पा



अल्लू अर्जुन की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म सिर्फ दक्षिण में ही लोकप्रिय नहीं है। यदि 'पुष्पा' को बॉलीवुड में दोबारा बनाया जाता है, तो किसी भी स्टार के बारे में अनुमान लगाने से बच नहीं सकता है जो उनके किरदार के साथ न्याय कर सके। रणवीर सिंह एक ऐसे अभिनेता हैं जो किरदार में अपना अलग स्वभाव ला सकते हैं। रश्मिका मंदाना का किरदार कियारा आडवाणी पर सूट करेगा।



### कंतारा

ऋषभ शेट्टी की ये फिल्म दक्षिण कन्नड़ के काल्पनिक गांव पर आधारित एक कहानी है जो मनुष्य और प्रकृति के बीच वैचारिक संघर्ष को दर्शाती है। फिल्म में देश की परंपरा और संस्कृति में अहंकार की लड़ाई घूमती रहती है। 'कंतारा' के बॉलीवुड रीमेक को लेकर चर्चा जारी है, ऐसे में फिल्म की कास्टिंग के बारे में जानना दिलचस्प होगा। अजय देवगन, जिन्होंने पहले 'दृश्यम' और 'सिंघम' जैसी विभिन्न दक्षिण सिनेमा रीमेक में मुख्य भूमिका निभाई है, 'कांतारा' में भी लीड अभिनेता के रूप में एक अच्छे विकल्प होंगे।

12- MAY-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/12/2024 7:53 PM Page 1

## खबर संक्षेप

### वुडबॉल ऑल इंडिया विवि प्रतियोगिता में आकाश व रजत होंगे रेफरी

**अंबिकापुर।** ऑल इंडिया विवि वुडबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा के दो पूर्व खिलाड़ियों का चयन रेफरी के रूप में किया गया है। दोनों ही पूर्व खिलाड़ी वुडबॉल प्रतियोगिता में अहम रेफरी की भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जोनल इंटर वुडबॉल प्रतियोगिता 2024 का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। महिला व पुरुष वर्ग के लिए आयोजित इस वुडबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला वुडबॉल संघ सरगुजा के पूर्व खिलाड़ी आकाश दुबे व रजत सिंह का चयन रेफरी के रूप में किया है। दोनों ही खिलाड़ी ऑल इंडिया प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में से कुल 38 विश्वविद्यालय टीम शामिल होंगी।

### विधायक पैकरा, जिलाध्यक्ष जायसवाल को झारखंड लोकसभा की जिम्मेदारी

**राजपुर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव समाप्त होने के साथ ही जिले के भाजपा नेताओं को दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारियां की जा रही है। इसी





क्रम में झारखंड प्रदेश के लोकसभा चुनाव में जिले से सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, बलरामपुर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जिला महामंत्री संजय सिंह को लोकसभा क्षेत्र की जवाबदारी सौपी गई है। सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा को झारखंड के लोकसभा राजमहल के विधानसभा महेशपुर, बलरामपुर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल को लोकसभा गीरीडीह के विधानसभा देरमो, जिला महामंत्री संजय सिंह को विधानसभा बाघमारा, दीनानाथ यादव को गृहदिह विधानसभा क्षेत्र मे प्रचार अभियान की कमान संभालेंगे। भाजपा पदाधिकारियों को झारखंड के अलग अलग लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान को तेज करने की जवाबदारी मिली हैं। शनिवार को सभी भाजपा पदाधिकारी छत्तीसगढ़ से झारखंड राज्य में पहुंच चुके हैं।

### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने रांची पहुंचे विधायक टोप्पो

**सीतापुर।** झारखंड में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार प्रसार हेतु विधायक रामकुमार टोप्पो दल बल समेत झारखंड के लिए रवाना हुए।



विधायक श्री टोप्पो भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी प्रचार की कमान संभालेंगे। विदित हो कि झारखंड में लोकसभा का चुनाव चार चरणों मे संपन्न होना है। भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार करने हेतु महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व विधायक रामकुमार टोप्पो को अहम जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत विधायक रामकुमार टोप्पो दलबल समेत मंत्री के नेतृत्व में झारखंड के रांची के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने जशुपर के जय बालाजी मंदिर में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद वे झारखंड के लिए रवाना हुए और रांची में लोकसभा चुनाव में प्रचार करेंगे।

### राम मंदिर कलश यात्रा में शामिल हुई विधायक उद्धेश्वरी पैकरा



**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा आज ग्राम पंचायत कंदरी में राम मंदिर के कलश यात्रा सहित पूजा अर्चना में शामिल हुई और क्षेत्र में अमन चैन शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर राम मंदिर कलश यात्रा दौरान मुंबई कल्याण संघ परिहित चेरी टेबल सोसाइटी के अध्यक्ष विशाल गुप्ता व उनकी पत्नी राधा गुप्ता ने सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा को श्रीफल देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष विशाल गुप्ता व उनकी पत्नी राधा गुप्ता ग्राम कंदरी में बनवासी राम कथा एवं महायज्ञ में मुख्य जजमान के रूप में शामिल हुए। राम कलश यात्रा में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अंकुश सिंह , वरिष्ठ नागरिक प्रेमचंद गुप्ता, अर्जुन यादव, रमेश गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अप्रैल के अंत तक संग्रहित धान का उठाव करने था निर्देश

# खरीदी बंद होने के साढ़े चार महीने बाद भी खुले आसमान के नीचे करोड़ों का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी बंद हुए पांच महीने गुजरने को है लेकिन अभी भी उपार्जन केन्द्रों में धान का अंबार लगा है। शासन ने मिलरों एवं संबन्धित अधिकारियों को 30 अप्रैल के पूर्व संपूर्ण धान का उठाव करने का सख्त निर्देश जारी किया था लेकिन मिलरों पर शासन के निर्देश का प्रभाव नहीं पड़ा। हालत यह है कि एकीकृत सरगुजा के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 13 हजार क्विंटल से अधिक धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। इस बार शासन की घोषणा के अनुसार सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की बंपर खरीदी की गई। निर्धारित तिथि 31 दिसम्बर के बाद भी शेष किसानों का धान खरीदा गया। धान खरीदी बंद होने के बाद से ही धान उठाव का इंतजार किया जा रहा है। मार्कफेड द्वारा एकीकृत सरगुजा के विभिन्न पांच जिलों की आवश्यकता के अनुरूप धान की मिलिंग कराने के बाद उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान का उठाव बंद कर दिया गया। समिति प्रबंधकों एवं जिला सहकारी बैंक प्रबंधन की लगातार कोशिशों के बाद शासन ने दूसरे जिले के मिलरों को धान उठाव करने निर्देशित किया। अप्रैल में मार्कफेड ने मिलरों को संग्रहित धान का उठाव करने डीओ भी जारी कर दिया। अप्रैल महीने के अंत में मिलरों ने सक्रियतापूर्वक धान का उठाव किया लेकिन मई महीने से धान का उठाव बंद हो गया है। इधर आए दिन मौसम बदलने एवं अंधड़ के साथ वर्षा होने के कारण धान के खराब होने का भय सता रहा है। समिति प्रबंधक धान उठाव को लेकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक प्रबंधन पर दबाव डाल रहे हैं। बैंक प्रबंधन भी संबन्धित विभागों से शेष बचे धान का उठाव कराने लगातार पत्राचार कर रहा है लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। मिलरों की भी अपनी समस्या है। धान उठाव के लिए 300 से 500 किमी का लम्बा सफर कर धान का उठाव करने में मिलर रूचि नहीं ले रहे हैं। अन्य जिलों के मिलर स्थानीय मिलरों की मदद भी ले रहे हैं लेकिन शेष बचे धान के उठाव में तेजी नहीं आ रही है।

**खास बात**
- बाहर के राइस मिलर उठाव में नहीं ले रहे रूचि



### 117 केन्द्रों के धान का उठाव पूरा

एकीकृत सरगुजा के विभिन्न पांच जिलों में 203 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान की खरीदी की जाती है। धान खरीदी बंद होने के साढ़े चार महीने गुजरने के बावजूद अभी तक मात्र 117 उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित सम्पूर्ण धान का उठाव किया गया है जबकि 86 केन्द्रों में अभी भी धान का अंबार लगा है। अभी भी सरगुजा के 21, बलरामपुर के 47, कोरिया के 18 उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 13 हजार 368 क्विंटल धान शेष बचा है। सरगुजा के उपार्जन केन्द्रों में 9 हजार 472 क्विंटल, कोरिया में 50 हजार 253 क्विंटल धान के उठाव का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। समय पर उठाव नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे रखे धान के खराब होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। मार्कफेड द्वारा जांजगीर, बिलासपुर, राजनांदगांव के मिलरों को धान उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। कुछ उपार्जन केन्द्रों में एक ट्रक से कम धान होने के कारण मिलर उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं।

#### अटका धान का मिलान

संपूर्ण धान का उठाव पूरा होने के बाद संबन्धित विभाग खरीदे गए धान एवं उठाव बारदाना सहित अन्य सभी सामग्रियों का मिलान करते हैं। मिलान में कोई कमी मिलने पर समिति प्रबंधकों से वसूली की जाती है। विलम्ब से धान का उठाव होने के कारण इस बार मिलान में भी विलंब होने का अनुमान है। धान का मिलान पूरा होने के बाद ही धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी होती है।

#### लगातार चल रहा प्रयास

उपार्जन केन्द्रों में शेष बचे धान के उठाव के लिए बैंक प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है। इस संबंध में संबन्धित विभागों से पत्राचार करने के साथ ही स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया है। सोमवार से शेष बचे धान का उठाव शुरू होने की उम्मीद है।

-सुनील वर्मा
सीईओ, को-ऑपरेटिव बैंक



जिला संघ को मैग्नेटिक डेमो चेस बोर्ड देते पदाधिकारी।

## संभाग स्तरीय शतरंज की तैयारियों को लेकर जिला इकाइयों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला शतरंज की बैठक छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी की उपस्थिति में शतरंज भवन में जिला शतरंज संघ की बैठक में आदिवासी बाहुल्य जिला सरगुजा में शतरंज खेल को बढ़ावा देने तथा संभाग की प्रतिभाओं को तराशने के मकसद से जून माह में संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महासचिव श्री राठी ने कहा कि संघ जून माह में आदिवासी बाहुल्य जिला बस्तर और सरगुजा में संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा खिलाड़ियों को एक बड़ा प्लेटफार्म देने के इरादे से आयोजित करेगा। इसके पूर्व खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा ताकि खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय नियमों को जानने के साथ स्पर्धा में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सकें। शतरंज के विकास का यह कार्य समाज सेवा के कार्य जैसा है क्योंकि शतरंज न सिर्फ खिलाड़ियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है अपितु देश के लिए एक अच्छा नागरिक का निर्माण भी करता है। राज्य संघ के सचिव हेमन्त खुटे ने कहा कि बस्तर व सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों से प्रवेश शुल्क के रूप में न्यूनतम राशि ली जाएगी। स्पर्धा में अन्य जिलों से आने वाले खिलाड़ियों के रूकने व खाने की व्यवस्था आयोजक इकाई द्वारा निशुल्क किया जाएगा। इस वर्ष सब जूनियर, जूनियर व सीनियर राज्य चयन स्पर्धा रेटिंग चैम्पियनशिप स्पर्धा आयोजित की जाएगी। बैठक को जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा, राज्य संघ के अब्दुल शमीम, सरोज वैष्णव व सुबोध सिंह ने भी संबोधित किया। महासचिव श्री राठी ने शतरंज खेल के विधिवत प्रशिक्षण हेतु मैग्नेटिक डेमो चेस बोर्ड बलरामपुर व सरगुजा संघ को प्रदान किया। संभाग स्तरीय स्पर्धा हेतु सर्वसम्मति से बी मनियन को संयोजक बनाया गया। शेष पदाधिकारियों की सूची 14 मई को घोषित की जायेगी। बैठक का संचालन शेषरतन जायसवाल तथा आभार प्रदर्शन बी मिनयन ने किया। इस दौरान एसएम कुरैशी, सत्यजीत मिश्रा, विश्वास तिवारी, मालती भगत, श्रीमती पंकज सिंह, अजीत जायसवाल, दीपक डबराल, शिवहरी, जीवन लाल, राकेश वर्मा, अनीश अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एसजीजीयू ने घोषित किया पांच पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल

**अम्बिकापुर।** स्थापना के बाद संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन ने पहली बार परीक्षाएं पूर्ण होने के पूर्व परीक्षा परिणाम घोषित कर सभी को हैरान कर दिया है। विवि प्रबंधन ने शनिवार को विभिन्न पांच स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का परिणाम घोषित किया। लेट-लतीफ परीक्षा परिणाम घोषित करने के मामले में प्रारम्भ से ही विवादों से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन ने पहली बार परीक्षाएं पूर्ण होने के पूर्व परीक्षाफल घोषित कर सभी को हैरानी में डाल दिया है।

जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल घोषित किया गया है उनमें परीक्षार्थियों की संख्या काफी कम है तथा इन पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं पूर्व में पूरी हो चुकी थी। अभी भी विवि की परीक्षाएं चल रही हैं। कुल सचिव डॉ.आर एस त्रिपाठी ने बताया कि समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने के उद्देश्य से परीक्षा होने के साथ तत्काल उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए भेजी जा रही हैं। मूल्यांकनकर्ताओं से संपर्क कर नियमित प्रगति की जानकारी भी ली जा रही है। बीपीई एवं आचार्य पाठ्यक्रम की परीक्षाएं अप्रैल में पूरी हो गई थी तथा इन विषयों की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए भेजी गई थी।

सतत निगरानी के बाद मूल्यांकन प्रतिवेदन के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कुछ अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी पूरी हो चुकी हैं इनका परीक्षा परिणाम 25 मई के पूर्व जबकि अन्य सभी पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम 15 जून के पूर्व जारी कर दिए जाएंगे। विवि ने शनिवार को बीपीई द्वतीय, तृतीय, चतुर्थ एवं आचार्य साहित्य व व्याकरण का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। बीपीई प्रथम का परीक्षाफल 91.67 फीसदी जबकि अन्य पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है।

## रिंग रोड पर खड़े दो ट्रकों को पुलिस ने किया जब्त, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिंग रोड किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने दो ट्रकों को जब्त करने के साथ ही चालकों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि रिंग रोड व एनएच पर बेतरतीब ढंग से भारी वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। वाहनों में पार्किंग लाइट व अन्य नियमों का पालन नहीं किया जाता है जिससे आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार होते है जबकि आवागमन बाधित होता है। ऐसे में एसपी के निर्देश पर पिछले दिनों रिंग रोड व एनएच पर खड़े 13 वाहनों पर कार्रवाई की गई थी। इसी कड़ी में पुनः मणीपुर थाना पुलिस द्वारा दो वाहनों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत संत गहिरा गुरु आश्रम के सामने रिंग रोड पर खड़े ट्रक क्रमांक आरजे 02 जीबी 9087 के चालक राजस्थान अलवर के बड़ोदा निवासी 57 वर्षीय कासम व भाथुपारा रिंग रोड पर खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएस 4111 के चालक झारखंड के गढ़वा भवनाथपुर निवासी 30 वर्षीय बसंत कुमार रजक को धारा 283 के तहत गिरफ्तार कर वाहनों को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना मणीपुर से सउनि लल्लन गुप्ता, बबलू कुजूर, प्रधान आरक्षक महेश्वर शरण सिंह, आरक्षक अतुल शर्मा शामिल रहे।



## केआर टेक्निकल कॉलेज को मिली एआईसीटीई की मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय से संबद्ध एवं नैक से बी+ग्रेड हासिल करने वाले केआर टेक्निकल कॉलेज को बीसीए एवं बीबीए पाठ्यक्रम के लिए एआईसीटीई ने सत्र 2024-25 के लिए मान्यता प्रदान की है। मान्यता मिलने से प्रवेश लेने वाले छात्रों को अटल एफडीपी कार्यक्रम, इनोवेशन पहल, आईडीईए लैब, क्यूआईपी, अनुसंधान प्रोत्साहन स्वनाथ, सक्षम छात्रवृत्ति, परख, इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेने के साथ ही प्लेसमेंट के लिए प्लेटफार्म मिलेगा साथ ही छात्र एआईसीटीई की विभिन्न छात्रवृत्ति के लिए भी पात्र होंगे। इन योजनाओं के लाभ के लिए छात्रों को बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम के लिए एआईसीटीई अनुमोदित संस्थानों में प्रवेश का विकल्प चुनने की तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा सलाह दी गयी है। एआईसीटीई तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में निर्देशन, समर्थन और विकास कार्य करती है।

## राइस मिल गोदाम में सेंधमारी कर चोरों ने पार किया 70 हजार का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम शशिपुर स्थित जय हनुमान राईस मिल में अज्ञात चोरों ने गोदाम के दीवार में सेंधमारी कर चालीस क्विंटल से अधिक धान पार कर दिया जिसकी कीमत सत्तर हजार रुपये के करीब बताई गई है ।गोदाम से जब धान निकालने के लिए कर्मचारी ने गोदाम खोला तो पाया कि गोदाम के एक हिस्से की दीवार में सेंध मारी गई है और आदमी के अंदर बाहर होने के लिए बड़ी जगह बनाई गई है ,इसकी सूचना मिल कर्मियों ने मालिक को दी जिसके बाद मौके पर पहुंच स्टॉक मिलान में पाया गया कि करीब चालीस क्विंटल धान अज्ञात लोगों ने चुरा लिया है ।मिल संचालक ने मामले की सूचना जयनगर पुलिस को लिखित में दी है ।पुलिस ने मामले में अब तक किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किया है। बताया गया कि गत जनवरी माह में भी अज्ञात लोगों ने इसी मिल के गोदाम के एक हिस्से से लगभग पच्चीस क्विंटल धान को चुराया था ,उक्त घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी ,इसमें चोरों की पहचान हो जाने के बाद उन्हें थाने से हिदायत देकर छोड़ दिया गया था जिसमें व्यस्क व नाबालिग किशोर शामिल थे ,लेकिन अब दूसरी बार सेंधमारी कर बड़ी मात्रा में धान चोरी होने के



## डबरीपारा में तेज आंधी से कई कच्चे घरों के छत धराशायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पिछले तीन-चार दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से आमजनों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शुक्रवार को आए तेज आंधी तूफान की वजह से रामनगर में कई लोगों के घरों के छप्पर उड़ गए और कई मकानों पर पेड़ उखड़कर गिर गए हैं।गौरतलब है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेज आंधी के साथ जमकर बारिश हो रही है।

शुक्रवार की दोपहर मौसम में अचानक हुए बदलाव की वजह से तेज आंधी तूफान आने के कारण ग्राम पंचायत रामनगर के डबरीपारा में दर्जन भर से अधिक लोगों के घरों के छप्पर उड़ने से छत धाराशाई हो गये हैं और कई मकानों पर पेड़ उखड़कर गिर गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा की वजह से तेज आंधी तूफान के कारण गांव के उमेश नारायण राजवाड़े, लालचंद, दिलराखन, आगर सिंह, विजेंद्र राजवाड़े, मंगलू राजवाड़े, दीहल, अक्षय दास, मन्नू राजवाड़े, दुर्गा गुप्ता सहित दर्जन भर से अधिक लोगों के मकान व दुकान का छप्पर क्षतिग्रस्त हुआ है और अक्षय दास के घर पर पेड़ गिरने से नुकसान हुआ है। प्राकृतिक आपदा की सूचना पर शनिवार को हल्का पटवारी लालजी साहू ने टीम के साथ गांव में पहुंचकर वस्तुस्थिति का अवलोकन करके ग्रामीणों के क्षतिपूर्ति हेतु प्रकरण तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। बेमौसम बारिश की वजह से ग्राम पंचायत रामनगर के धौरापारा के अलावा अडरापारा में पिछले एक-दो दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से आमजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द ही व्यवस्था सुदृढ़ कराए जाने की मांग की है।

## पेज 1 का शेष

### ब्राम्हण समाज के ...

आराध्य के रूप में विराजमान हैं। उन्होंने केवल आततायी दुष्टों का संहार किया एवं हर युग में जगत कल्याणार्थ शस्त्र उठाया है, साथ ही उन्होंने महर्षि भवन चिरमिरी को सांस्कृतिक उन्नति का केन्द्र बनाए जाने का आग्रह ब्राह्मण समाज से किया और इसके लिए जो भी आवश्यकता हो उसे पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष वाचस्पति दुबे और आभार प्रदर्शन महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने किया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ छोटेलाल मिश्रा, छोटेलाल परासर, शिव गणेश त्रिपाठी, आरपी शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, वीरेन्द्र तिवारी, सुरेश पोखरियाल, नारायणी शक्ति श्रीमती मिथिलेश पराशर, श्रीमती कमला शुक्ला, समाज के युवा फनीद हमाम मिश्रा, कुलदीप स्थापक लकी, जितेन्द्र मिश्रा, ललित पांडे, पवन तिवारी, धनजय तिवारी, रवि द्विवेदी, शिवानंद तिवारी, एनेद्र पांडेय, संजीत झा, आकाश शर्मा, रवि शुक्ला, प्रहलाद पाठक,दुर्गेश चतुर्वेदी सहित काफी संख्या में चिरमिरी के समस्त विप्रजनों की उपस्थिति रही।

### कविता स्पर्धा में ...

विभिन्न शहरों से कवित्रियों की कविताएं प्राप्त हुई। स्थानीय स्तर पर हनी कौर,जूही कुमार मुखर्जी, खैरून हाशमी की प्रविष्टियां प्राप्त हुई। प्रथम स्थान प्राप्त कविता मां पर सुप्रसिद्ध वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश पाठक, राजेश जैन बुंदेला एवं सरिता तिवारी ने कहा कि नीलिमा की कविता में मातृत्व की कोमल संवेदनाएं एवं मां के त्याग एवं समर्पण की अद्भुत छवि दिखाई देती है। मातृत्व दिवस की शुरूआत की जानकारी देते हुए वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय ने कहा कि दुनियाभर के 40 से अधिक देशों में मातृत्व दिवस मनाया जाता है। मातृत्व दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य यह कि मां की ममता को वैश्विक महत्व प्रतिपादित किया जाए एवं मातृत्व की विशेषताओं को समाज के सामने रखा जाए। उन्होंने कहा कि मां एक ऐसा पवित्र रिश्ता है जिसे पूरी दुनिया सम्मान के साथ देखती है। मातृ दिवस को आदर्श दिवस निरूपित करते हुए श्री उपाध्याय ने बताया कि विजेता कवियत्री नीलिमा को आगामी विश्व योग दिवस के अवसर पर शाल-श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

### तेज आंधी-बारिश का ..

**चार दिनों तक हल्के बादल छाए रेंहगे-** मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिनों तक आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। इस दैरान तीन दिनों तक अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक ही रहेगा ,इसके बाद 16 मई को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी होगी ,इसके साथ ही रात के तापमान में भी बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी और फिर आसमान खुला रहता है तो फिर दिन व रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण गर्मी तेज होने लगेगी।

**ढाई घंटे बिजली गुल, उमस से परेशानी-** रविवार को अपरान्ह के समय हुई अचानक बारिश शुरू हो गई, वहीं तेज हवाएं भी चलने लगी थी। इसके साथ ही शहर क्षेत्र की बिजली कट हो गई तो ढाई घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसके बाद अपरान्ह 5:30 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई। इस बीच लोगों को विद्युत के अभाव में उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा।







मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)